श्री बंशीधर नगर, रविवार
02.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष तृतीया संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 186

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:16 बजे
अस्त - 06:00 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 17 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | प्रधानाध्यापक ने चार छात्रों को पीटा, घायल >> पेज 03 | मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल का एक्स एकाउंट हैक >> पेज 04

## सुविचार

मनुष्य का जीवन एक बूंद की तरह होता है, लेकिन उसका अहंकार समुद्र से भी बड़ा है

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड में तीन से चार डिग्री बढ़ेगा तापमान

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आनेवाले चार पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की सम्भावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को व्यक्त की है। विभाग के अनुसार राज्य भर में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य के लगभग 12 जिलों में मौसम में बदलाव हुआ था। इसके प्रभाव से रांची में भी शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई थी। हालांकि बाद में मौसम साफ हो गया। वहीं शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री, जमशेदपुर में 34.8, डालटनगंज में 33.7 और बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर छह रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** होली से पहले महंगाई का झटका लगा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 6 रुपये का इजाफा किया है। हालांकि, 14 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें आज से लागू हो गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक नई दिली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का दाम 6 रुपये बढ़कर 1803 रुपये हो गया है, जो पहले 1797 रुपये में मिल रहा था।

**प्रशिक्षण** | विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है : मुख्यमंत्री

# सीखने की कोई उम्र नहीं होती

**बंशीधर न्यूज**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है। इस सदन में भले हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हो, लेकिन इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है, जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है।

सोरेन शनिवार को झारखंड विधानसभा सभागार में विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विधायक जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। यहां सभी धर्म समुदाय के हक अधिकार की आवाज गूंजती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती, जो भी इस सदन में आते हैं वे सीखते भी हैं, जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सदन की कार्यवाही में सभी विधानसभा सदस्यों को साथ लेकर चलते हुए इस राज्य को समृद्ध तथा विकसित बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। सभी सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। इस कार्यक्रम में उपसभापति, राज्यसभा हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित मंत्रीगण, विधायकगण, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम, पी. आर. एस चक्षु राय समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।





### विधानसभा में स्पीकर की भूमिका अहम : हरिवंश

**रांची।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश शनिवार को विधानसभा में विधायकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा का अध्यक्ष विधानसभा का संरक्षक होता है। विधानसभा में स्पीकर की भूमिका अहम और महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम दुनिया की गति से आगे नहीं बढ़ेंगे हम महज अतीत का हिस्सा बनकर रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। हरिवंश ने कहा कि इसके पूर्व उन्हें जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला था। कार्यक्रम में उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि चीन भविष्य के नेताओं को प्रशिक्षित करने का काम करता है, जिसे देखने का अवसर मुझे मिला है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आपको भविष्य की योजना बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है। संसदीय प्रणाली के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण हमारी लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा हैं। वहीं कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि सदस्य वेल में आकर अपनी बातों को मनवाने के लिए दवाब बनाने की कोशिश करते हैं जो संवैधानिक रूप से भले ही उचित नहीं है, मगर व्यवहारिक रुप से अनुचित भी नहीं है। वहीं विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य सीपी सिंह ने कहा कि मीडिया में बने रहने के लिए लोग सदन में जिस तरह का व्यवहार करते हैं, वह उचित नहीं है। उन्होंने सदन की कार्यवाही साल में कम से कम 60 दिन चलाए जाने की वकालत की और वर्तमान सरकार से इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोकतंत्र और समावेशी विकास पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्ष हो गए हैं, युवा झारखंड अपने 25वें वर्ष में है, लेकिन पहले 20 वर्षों में किसी भी सरकार ने समावेशी विकास पर ध्यान नहीं दिया।

## रूस-यूक्रेन मुद्दे पर लंदन में आज बैठक, यूरोप के दिग्गज करेंगे मंथन

**लंदन।** रूस और यूक्रेन मुद्दे पर ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर की अगुवाई में रविवार को बैठक बुलाई गई है जिसमें यूरोप के तमाम दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं। जर्मनी के निवर्तमान चांसलर और अन्य प्रमुख नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस के बाद हो रही इस बैठक पर दुनिया भर की निगाहें हैं। इस बीच अमेरिका से वापस लौटे जेलेंस्की शनिवार को लंदन पहुंचे जहां उनका जबर्दस्त स्वागत किया गया। ब्रिटेन ने उन्हें 2.84 बिलियन डॉलर के ऋण की घोषणा की। रूस-यूक्रेन के मुद्दे पर आज लंदन में होने जा रही महत्वपूर्ण बैठक के लिए ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन, नाटो महासचिव मार्क रुटे और यूरोपीय परिषद् के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा को भी आमंत्रित किया है। पोलिश पीएम डोनाल्ड टस्क, इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी इसमें हिस्सा लेंगे। ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस के बाद हो रही इस आपात बैठक का उद्देश्य रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराना और कीव की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस मुद्दे पर ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका के रुख में आए ताजा बदलाव के बाद यूरोपीय देशों के नेता अपने एक्शन प्लान पर चर्चा करेंगे।

## गैर-अनुशासित पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों और इकाइयों से गैर-अनुशासित पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी है। इस सूची के आधार पर डीजीपी स्तर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, डीजीपी द्वारा जारी आदेश में निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों की सूची मुख्यालय को भेजी जाए। इस आदेश की प्रति सभी रेंज आईजी और डीआईजी को भी भेजी गई है। आदेश में पुलिसकर्मियों के संबंध में सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है।



### ये है सात बिंदु

-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके विरुद्ध आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कोई कार्रवाई की गई है।

-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके संबंध जमीन माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ पाई गई है।

-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो कर्तव्य से फरार रहते हैं।

-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो ड्यूटी के दौरान आदतन शराब का सेवन करते हैं।

-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो बिना कारण अवकाश की समय सीमा को स्वतः बढ़ाकर देर से ड्यूटी पर लौटते हैं।


-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनपर अपने वरीय पदाधिकारी के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कार्रवाई की गई है। अथवा वे जो अब भी गलत व्यवहार करते हैं।

-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो या फिर जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

### सबसे अधिक तापमान वाला रहा फरवरी महीना, तोड़ा 125 साल का रिकॉर्ड

# मार्च में सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** पूरे देश में इस बार के फरवरी महीने ने 125 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के अनुसार साल 2025 का फरवरी पिछले 125 सालों में सबसे अधिक तापमान वाला महीना रहा है। साल 1901 से देश में तापमान रिकॉर्ड रखने की शुरूआत के बाद से यह सबसे गर्म फरवरी रहा। इस साल जनवरी में भी ऐसा ही कुछ हुआ था। साल की शुरूआत का यह महीना भी 125 साल के इतिहास का तीसरा सबसे गर्म जनवरी रहा था। रिकॉर्डतोड़ तापमान का सिलसिला निश्चित तौर पर अच्छे संकेत नहीं दे रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने मार्च से मई तक का जो पूवानुमान जारी किया है, वह भी डराने वाला है। भारत में फरवरी के दौरान औसत तापमान 22.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.34 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जिन चार क्षेत्रों में भारत के मौसम को बांटा गया है, उसके मुताबिक इस साल का फरवरी महीना मध्य भारत में अब तक का सबसे गर्म फरवरी था, दक्षिण भारत में तीसरा सबसे गर्म, उत्तर-पश्चिम में पांचवां सबसे गर्म और पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में नौवां सबसे गर्म था। इस फरवरी मध्य भारत में औसत अधिकतम तापमान 24.6, दक्षिण भारत में यह 26.75, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में 20.14 और उत्तर-पश्चिम भारत में 17.11 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के अनुसार मार्च 2025 के दौरान भारत के अधिकांश भागों में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, केवल प्रायद्वीपीय भारत के कुछ दक्षिणी भागों को छोड़कर, जहां सामान्य से नीचे अधिकतम तापमान रहने की संभावना है। अगर बात न्यूनतम तापमान की बात करें तो मार्च 2025 के दौरान, देश के अधिकांश भागों में सामान्य से अधिक मासिक न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है, केवल उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीप के कुछ भागों को छोड़कर जहां सामान्य न्यूनतम तापमान रहने की सबसे अधिक संभावना है।




**हीटवेव की घटनाओं का पूवार्नुमान :** मौसम विभाग ने बताया कि मार्च से मई 2025 सीजन के दौरान, देश के अधिकांश हिस्सों में हीट वेव दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है लेकिन पूर्वोत्तर भारत, सुदूर उत्तर भारत और प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणी भागों को राहत रहेगी।

## बैंक में वापस आए 2000 रु के 98.18 फीसदी नोट

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शनिवार को कहा कि 2000 रुपये के 98.18 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि अब सिर्फ 6,471 करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार रुपये के ऐसे नोट जनता के पास हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि दो हजार रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने जारी बयान में बताया कि 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों में से 98.18 फीसदी बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 19 मई, 2023 को कारोबार बंद होने पर प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,471 करोड़ रुपये रह गया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक दो हजार



रुपये के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा 07 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, ये सुविधा अब भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिए 2000 रुपये के नोट को अपने बैंक खाते में जमा कराने के लिए आरबीआई के किसी भी कार्यालय में भेज सकते हैं।

# महायज्ञ समापन पर कमेटी के लोग सम्मानित



बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 के ग्राम खजुरी के शिव मंदिर परिसर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। समापन के पश्चात यज्ञ में सक्रिय पदाधिकारी को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के सक्रिय कार्यकर्ता अशोक शाह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी गांव का एवं लोगों का मुझे आर्थिक व शारीरिक रूप से भरपूर सहयोग मिला है। परंतु कमेटी के लोगों एवं उन्होंने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार पर नाराजगी व्यक्त करते हुये गंभीर आरोप लगाया। कहा कि यज्ञ कमेटी के द्वारा पानी टैंकर की मांग किया गया था। परंतु उन्होंने पानी टैंकर नहीं भेजा। यही नहीं यज्ञ परिसर को साफ सफाई करने के लिये सफाई कर्मी की भी मांग की गई थी परंतु उनके द्वारा सफाई कर्मी को भी नहीं भेजा गया। लोगों ने कहा कि यज्ञ समापन के लगभग दो दिन हो गये हैं फिर भी साफ सफाई करने के लिये उनके द्वारा सफाई कर्मी को नहीं भेजा गया है। अशोक शाह ने कहा कि हम लोग नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आते हैं और हम लोग हर प्रकार के टैक्स देते हैं फिर भी हमारे गली मोहल्ले में कूड़ा कचरा लगा रहता है। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि मैंने यज्ञ परिसर को पूरी तरह से साफ सफाई करवाया था। वहां पर सफाई कर्मियों को भी प्रतिनियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि जेसीबी भेजा गया था सफाई युक्त जगह को सफाई भी किया गया। यज्ञ कमेटी का कहना था कि समूचे यज्ञ परिसर को जेसीबी मशीन द्वारा लेबलिंग कराया जाय। मैंने कहा मेरे पास उतना राजस्व नहीं है मैं तीन दिनों तक जेसीबी मशीन चलवाने में सक्षम नहीं हूं। यदि साफ सफाई में कहीं पर दिक्कत है तो मुझे अवगत कराया जाय मैं पूरी तरह से साफ सफाई करा दूंगा।

**पलामू** भव्य आयोजन कर हरिशंकर मिश्र को दी गई विदाई

# हरिशंकर मिश्र की सेवा बेदाग व बेमिसाल

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत पीएमश्री मध्य विद्यालय लालगढ़ ने यादगार व शानदार सम्मान समारोह का आयोजन कर लब्धप्रतिष्ठित शिक्षक हरिशंकर मिश्र को भावपूर्ण विदाई दी। प्रधानाध्यापक विनोद पाण्डेय की अगुवाई में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने बच्चों से लगाव, अभिभावकों से जुड़ाव व विद्यालय के शैक्षिक व संरचनात्मक प्रगति में हरिशंकर मिश्र के अग्रणी भूमिका की सराहना की। सबने अपने तरीके श्री मिश्र की विद्वता, स्पष्टवादिता, शिक्षण शैली, सहयोग व एकजुटता की भावना, लीडरशिप तथा बेदाग सेवा सहित अनेक बहुमुखी गुणों पर प्रकाश डाला। श्री मिश्र की लोकप्रियता का यह आलम था कि विद्यालय परिवार सहित उपस्थित लोगों ने कतारबद्ध होकर उपहारों की झड़ी लगा दी। लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी, पंसस सूरजमल राम, शिक्षक नेता अरविन्द सिंह, विश्रामपुर डीडीओ विनय तिवारी, सदर डीडीओ वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी, सेवानिवृत्त डीडीओ अशोक तिवारी, सुरेन्द्र गुप्ता, कामेश्वर राम, वीरेंद्र शर्मा, मनोज द्विवेदी, विनोद दीक्षित, गायक शिव चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, अभिषेक पाण्डेय व परशुराम तिवारी ने अपने उद्बोधनों में हरिशंकर मिश्र की सेवा को बेमिसाल बताते हुए उनके व्यक्तित्व के उज्ज्वल आयामों को रेखांकित किया। डीएसई ऑफिस के प्रधान सहायक राजीव रंजन पाण्डेय एवं सहायक विनय सिंह ने श्री हरिशंकर मिश्र को अर्जित अवकाश व एलआईसी के पावना का स्वीकृत्यादेश प्रदान किया। प्रधानाध्यापक ने श्री मिश्र की शान में सम्मान पत्र पढ़ा तथा उनके साथ मिलकर विद्यालय की शिक्षिका मंजु देवी, प्रतिमा कुमारी, शिक्षक अभिमन्यु चौधरी, श्रीकांत ओझा व इंद्रजीत कुमार ने अपने लगन व परिश्रम से समारोह को भव्यता प्रदान किया। सभाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी के अध्यक्षीय भाषण के पूर्व श्री मिश्र ने अपने भावुक उद्बोधन में अद्भुत सम्मान के लिए सबका आभार प्रकट किया तथा कहा कि बच्चों को अकादमिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा दिया जाना जरूरी है। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों के अतिरिक्त सेवानिवृत्त शिक्षक की पत्नी रमा देवी, पुत्र रविशंकर मिश्र, लक्ष्मीशंकर मिश्र, सरिता देवी, बीआरपी मनोज पाठक व अखिलेश दूबे, अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, मुमताज अंसारी, रवीन्द्र सिंह, सुधीर ओझा, अवध बिहारी मिश्र, शरद कुमार, कंचन कुमारी, मृत्युंजय पाठक, सतीश सिन्हा, पत्रकार श्याम किशोर पाठक, रघुवीर पाण्डेय व योगेन्द्र मिश्रा, अखिलेश सिंह, परमेश्वर सिंह, विजय कुमार ठाकुर, विनय ओझा, हर्ष चौबे, अशोक चौधरी, प्रबंधन समिति के सदस्यगण, संकुल के शिक्षकगण सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष अंत तक समारोह में बने रहे। इस दौरान विद्यालय की छात्रा साक्षी, प्रिया, अर्पिता, पुष्पा, तनु, सलोनी, आकांक्षा, महक, चांदनी, मोही, छोटी, अराध्या, सृष्टि, आंचल, खुशी, खुशबू, तमन्ना, आद्या, लक्ष्मी, पलक, अनामिका, शिखा, विशाखा व अंशु ने विदाई गीत के साथ अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबको भावविभोर कर दिया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों को शॉल व माला से सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता लोकप्रिय पूर्व मुखिया रामचन्द्र चौधरी ने किया जबकि सफल संचालन सीआरपी किशोर कुमार दूबे ने किया।




## न्यूज अपडेट्स

### अवैध संबंध की वजह से पत्नी की हुई थी हत्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के टरिया में विनीता देवी की मौत मामले में चौकाने वाला खुलासा किया गया है। विनीता के पति का उसकी मामी के साथ अवैध संबंध था। विनीता जब जान गयी तो उसकी हत्या कर दी गयी और फंदे पर लटका दिया गया, ताकि खुदकुशी साबित हो जाए। मृतका के पिता उदय सिंह ने विनीता की हत्या को लेकर उसके पति अर्जुन पासवान, ससुर गजेन्द्र पासवान, सास और गोतनी के खिलाफ थाना में शनिवार को एफआइआर दर्ज करायी है। मृतका के पिता उदय के अनुसार दो साल से विनीता और अर्जुन के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्जुन के बहकावे में आकर विनीता दस माह पहले घर से मां का गहना लेकर बाहर भाग गयी थी। उस वक्त विनीता चार माह की गर्भवती थी। अर्जुन उसकी बेटी को बाहर ले जाकर रखा और कुछ दिन बाद छोड़कर भाग गया। बुलाने पर नहीं गया। उसकी बेटी जो गहने लेकर गयी थी, उसी को बेचकर बाहर में जीवनयापन किया। अगस्त 2024 को विनीता की डिलेवरी हुई। बच्चे को जन्म देने के बाद भी अर्जुन और उसके घर वाले उससे शादी करने को तैयार नहीं थे। मेदिनीनगर महिला थाना में मामला दर्ज कराने के बाद अर्जुन का पूरा परिवार वहां पहुंचा और दबाद डालने एवं समझाने पर शादी के लिए तैयार हुआ। कोर्ट से भी शादी करने की बात कही गयी, लेकिन वे लोग मंदिर से शादी करके के एक सप्ताह बाद कोर्ट से भी शादी कर लेने की बात कही, लेकिन शादी नहीं की। शादी के चार माह बाद 27 फरवरी को अर्जुन पासवान और उसकी मामी के बीच अवैध संबंध की जानकारी विनीता को हुई। जब इस संबंध में अर्जुन, गजेन्द्र और उसके परिवार को जानकारी हुई तो सभी ने मिलकर पहले उसकी बेटी के साथ मारपीट की और फिर 28 फरवरी शुक्रवार को फांसी पर चढाकर खुदकुशी का रूप दे दिया। उदय ने मामले में जांच कर सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जांच में 19 फरवरी के विनीता के मोबाइल का व्हाट्सएप चैट भी सामने आया है, जिसमें विनीता अपनी चचेरी बहन को अर्जुन पासवान के साथ उसकी मामी से अवैध संबंध के बारे में जानकारी दी है।

## आपसी संघर्ष में घायल हुए हाथी की मौत



**लातेहार।** जिले के पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बेतला जंगल में शनिवार को एक जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मृतक हाथी का पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। बताया जाता है कि हाथियों के आपसी संघर्ष के कारण एक हाथी घायल हो गया था ।जिसकी शनिवार को मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार फरवरी मार्च का मौसम हाथियों के प्रजनन का मौसम होता है। इस कारण इस मौसम में हाथी काफी आक्रोशित रहते हैं। इस दौरान नर हाथियों के बीच अक्सर संघर्ष भी होता रहता है ।संभावना जताई जा रही है कि प्रजनन को लेकर ही हाथियों के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें एक हाथी घायल हो गया। इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना ने बताया कि हाथियों के आपसी संघर्ष के कारण दो दिन पहले ही एक हाथी घायल हो गया था। जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम के जरिये घायल हाथी का इलाज किया जा रहा था। परंतु शनिवार को इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में हाथियों के प्रजनन का काल चल रहा है। इसी कारण आपसी संघर्ष हुआ होगा।

### नल जल योजना में भारी अनियमितता, कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत मकरी में पीएचईडी विभाग से नल जल योजना सहित सभी कार्यों में भारी अनियमितता बरते जाने को लेकर मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने डीसी से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मुखिया ने कहा है कि मकरी पंचायत अंतर्गत सरकार द्वारा लगाये जा रहे नल जल योजना, शौचालय, चापाकल, मरमती, ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत नाडेप का निर्माण सहित दर्जनों कार्य कराना सुनिश्चित है। पीएचईडी विभाग गढ़वा के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं प्रखंड के कनीय अभियंता से योजना में अनियमितता तथा कार्य में लापरवाही बरतते हुये कार्य को पूर्ण होने जैसे मामला से अनेकों बार मौखिक रूप से अवगत करायी गयी है, परन्तु कोई पहल नहीं किया गया। जलनल योजना के तहत पंचायत में स्वीकृत 105 अदद कार्य को वगैर ग्रामसभा के कराना एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराना, लगाये जा रहे सभी सामग्री जैसे समरसेबल, पानी टंकी, सोलर, नल, स्ट्रॅक्बर इत्यादि घटिया किस्म के लगाना, ग्रामीण क्षेत्र में विछाये गये पाईप जमीन में चार-छहः इंच मिट्टी से ढककर कार्य कराना जिससे प्रतिदिन पाईप फटने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा किया जाना, पंचायत में शौचायल का निर्माण जरूरतमंदों को नहीं देना एवं वगैर कार्य कराये कार्य पूर्ण कराया जाना जैसे शिकायत मिलना। वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक भी नाडेप का निर्माण नहीं कराया जाना। यहां तक की पंचायत अंतर्गत सरकार के नियमानुसार जलसहिया एवं मुखिया का खाता खोलवाकर खाता संचालित कर कार्य को कराना है। बावजुद अनेकों बार सम्पर्क के बाद भी अभी तक पंचायत का खाता नहीं खुलना, जलनल योजना के तहत संबंधित संवेदक एवं कनीय अभियंता द्वारा पंचायत के लगभग दो हजार लाभुकों से आधार कार्ड का छायाप्रति कलेक्शन कराना उक्त सभी कार्यों से जनता में काफी आक्रोश है।

### फसल राहत योजना का पैसा भेजने के नाम पर दो किसानों से साइबर ठगी



**मेदिनीनगर।** फसल राहत योजना का पैसा भेजने के नाम पर दो किसानों से साइबर ठगी की गयी। उनके खाते से हजारों रूपए गायब कर दिए गए। 19 हजार 288 रूपए गायब हो जाने की शिकायत करते हुए दोनों किसानों ने तरहसी थाना में शनिवार को आवेदन दिया है। एक किसान के खाते से 7896.65 रुपए, जबकि दूसरे के खाते से 11393 रुपए गायब हुए हैं। प्रभावित किसानों में तरहसी प्रखंड क्षेत्र के काजीपकरी के रहने वाले समदयाल कुमार (25) एवं राजेन्द्र सिंह (45) शामिल हैं। समदयाल के खाते से 7896.65 रूपए, जबकि राजेन्द्र के खाते से 11393 रूपए गायब हुए हैं। राजेन्द्र के खाते से पहले 8196 फिर 3197 रूपए गायब हुए। समदयाल ने बताया कि शनिवार को साइबर अपराधियों ने फोन करके बताया कि उसके पिता के नाम से फसल राहत योजना का पैसा भेजा गया है। फोन पे चलाते हैं तो बैलेंस चेक कीजिए। समदयाल ने जैसे ही फोन पे खोलकर बैलेंस चेक किया, उसके खाते से 7896.65 रूपए गायब हो गए। इसी तरह राजेन्द्र को भी फोन आया और बातचीत के क्रम में फसल राहत योजना का भुगतान खाते में हो जाने की जानकारी दी गयी। फोन पे खोलने को कहा गया। राजेन्द्र ने जब बताया कि उसे फोन पे चलाने नहीं आता है तो फोन पर मौजूद शख्स ने बातचीत करते करते पहले 8196 और फिर 3197 रूपए खाते से निकाल लिए। तकनीकी जांच के बाद पता चला है कि कोई मो. कलीम शाह ने दोनों किसानों के खाते से रूपए गायब किए हैं। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच कर मामला दर्ज किया जायेगा। इधर इस तरह का कॉल आने से अन्य किसानों को अलर्ट किया गया है और किसी तरह का जवाब नहीं देने की अपील की गयी है।

बूथ स्तर पर चुनाव अंतिम चरण में, भाजपाईयों ने की बैठक, बनायी रणनीति

# 20 मार्च को भरा जायेगा जिलाध्यक्ष के लिये नामांकन

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** भाजपा संगठन पर्व को लेकर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में शहर के उत्सव गार्डन में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गई। मौके पर मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी डॉ अमरदीप यादव ने कहा कि संगठन का बूथ स्तर पर चुनाव अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जल्द ही बुथ की सूची जमा करना है। 6 से 9 मार्च तक सभी मंडल स्तर पर बैठक कर मंडल चुनाव अधिकारी तीन नाम तय कर प्रदेश को भेजेंगे। प्रदेश के सहमति के बाद मंडल में 17 मार्च से 19 मार्च के बीच मंडल अध्यक्ष का चयन चुनाव के माध्यम से किया जायेगा। उसके बाद 20 मार्च से लेकर 22 मार्च तक जिलाध्यक्ष के लिये नामांकन भरा जायेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष सह चुनाव अधिकारी ने कहा कि मंडल में बुथ स्तर पर लक्ष्य के अनुसार सदस्य बनाना अनिवार्य है। तभी उस बुथ का निर्माण पुर्ण रुप से हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने के लिये उम्र सीमा तय किया गया है जो 35 से 40 वर्ष तक होगा। जिलाध्यक्ष के लिये 45 वर्ष से 60 वर्ष तक होना चाहिये। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर एक प्रतिनिधि भी बनाया जायेगा। जो मंडल एवं जिलाध्यक्ष चुनाव में वोट कर सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बहुत जल्द संगठन निर्माण का काम पूरा कर लिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मधुलता कुमारी ने किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पाण्डेय, सुरज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, संजय ठाकुर, मथुरा पासवान, रितेश चौबे, अभिषेक कश्यप, ब्रजेश उपाध्याय, अनीता गुप्ता, उमेश कश्यप, शुभम गुप्ता, हरेन्द्र दुबे, मीना गुप्ता, रामलला दुबे सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# मझिआंव ने गढ़वा को फाईनल में 2-0 से हराया

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर के समीप स्थित प्रांगण में राधा कृष्ण वॉलीबॉल ओपन टूनामेंट सीजन 8 के फाईनल मुकाबले में मझिआंव की टीम ने गढ़वा टीम को 2-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, खेल के संरक्षक श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास, वॉलीबॉल जिला सचिव ओमप्रकाश तिवारी एवं भाजपा नेता प्रेमानंद त्रिपाठी एवं उपस्थित गणमान्य ने विजेता एवं उप विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी एवं इनामी राशि प्रदान किया। मौके पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वॉलीबॉल खेल एक ऐसा खेल है जिससे शरीर के लिये बहुत ही फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि यहां पर जो वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया जा रहा है वह बहुत ही बेहतर साबित हो रहा है। वॉलीबॉल संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि आज के खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे युवकों की खेल कोटा से अधिकारी पद पर नियुक्ति हो रही है। पहले के समय में शिक्षा की तुलना में खेल को उपेक्षित दृष्टि से देखा जाता था। लेकिन आज स्थिति बदली है। बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच समीर सिंह एवं मैन ऑफ द सीरीज सौरभ कुमार सिंह को दिया गया। वहीं वॉलीबॉल संघ के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी को मेडल प्रदान की गई। अंपायर की भूमिका अरुण कुमार तिवारी एवं संजय कुमार ने निभाई। मौके पर रिंकू तिवारी, सुदामा सिंह, बृजबिहारी सिंह, बलराम मेहता, अशोक कमलापुरी, अशोक सिंह, कृष्ण सिंह, वीरेंद्र सिंह, डॉ धनंजय सिंह, विजय सिंह, विक्की सिंह, संजीव सिंह, अभिमन्यु सिंह, विनय दुबे, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय कोरवाडीह में कक्षा 6 से 8 के बच्चों के बीच लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को कानून के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत पीएलवी रामा शंकर चौबे ने वंदना गायन से की। मौके पर पीएलवी रामा शंकर चौबे ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी गई एवं इस योजना में लगने वाले आवश्यक दस्तावेज के बारे में बताया गया। वहीं पीएलवी सुधीर चौबे ने बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, नशा मुक्ति, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 की जानकारी दी। पीएलवी तृप्ता भानू ने असंगठित क्षेत्रों में काम कर रहे मजदूर वर्ग के लोगों को श्रमधान ऐप पर निबंधन करवाने के संदर्भ में बताया। मौके पर प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार रवि, अर्जुन राम, असलम अंसारी सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## मझिआंव तीन छात्रों का प्राथमिक इलाज, चौथा रेफर

# प्रधानाध्यापक ने चार छात्रों को पीटा, घायल

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरहे हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने चार छात्रों के साथ मारपीट किया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण विद्यालय पहुंच गये। घायलों में कक्षा छह के आनंद कुमार ठाकुर पिता रघुनाथ ठाकुर, सीताराम यादव पिता वीरेन्द्र यादव, राजन यादव पिता सुरेंद्र यादव, कक्षा चार के छात्र पीयूष ठाकुर पिता ललन ठाकुर के नाम शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिये मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से तीन छात्रों को इलाज कर छोड़ दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल आनंद कुमार को बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया। परिजन ने उसे रेफरल अस्पताल मे लाकर बेहतर इलाज करवाया। इसके बाद परिजनों ने कुछ देर के लिये मझिआंव-विशुनपुरा मार्ग को बंद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी चंदन प्रधान, एसआई नसीम अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी विद्यालय पहुंचे। ग्रामीण एक ही मांग करते दिखे की विद्यालय के प्रधानाध्यापक को यहां से हटाया जाय और उन्हें बर्खास्त किया जाय। पंचायत मुखिया शंभू पासवान ने कहा कि प्रधानाध्यापक को यहां से हटाया जाय, आय दिन इसी तरह से बच्चों के साथ मारपीट किया जा रहा है। उसके बाद पदाधिकारी ने सभी बातों को ध्यान में रखते हुये कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। विद्यालय की खराब व्यवस्था देखकर जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अंचल अधिकारी ने कहा कि विद्यालय में व्यवस्था और पढ़ाई बिल्कुल ही खराब है। यहां तक देखा गया कि छोटे-छोटे बच्चे फटे हुये दरी पर पढ़ाई कर रहे थे। ज्ञात हो कि सरकार के द्वारा इस विद्यालय को 2011 में अपग्रेड किया गया, लेकिन यहां पर दो सरकारी शिक्षक और दो पारा शिक्षक ही सभी बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। घायल आनंद कुमार ने कहा कि मेरे, सीताराम, राजन एवं पियूष के साथ प्रधानाध्यापक सत्येंद्र सिंह ने मारपीट की। हम लोग फुटबॉल लेकर बाहर निकले थे इसीलिये मारपीट किये हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चे शरारत कर रहे थे इसलिये डांट फटकार किया गया है। कोई ज्यादा मारपीट नहीं किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अनुराग मिंज ने कहा कि बच्चों के साथ जो मारपीट की गई है या सरासर गलत है। इसकी जांच कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## एसडीएम ने पंचायत में पहुंच विकास योजना की जांच की

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने शनिवार को मेराल प्रखंड कार्यालय में पहुंचकर चल रहे विकास कार्यों की जांच की। जानकारी के अनुसार वे वित्तीय वर्ष की समाप्ति को लेकर कार्य प्रगति की जानकारी प्रभारी बीडीओ सतीश भगत से प्राप्त की। बाद में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर पीएम आवास, अबुआ आवास, 15 वें वित्त अन्य योजनाओं के कार्यों की जानकारी ली। योजनाओं की अद्यतन जानकारी लेने के बाद बीडीओ के साथ सीओ यशवंत नायक तथा अन्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके बाद एसडीएम ने योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करने के लिये करकोमा पंचायत पहुंचे। जहां मनरेगा से चल रहे बिरसा हरित आम बागवानी, सिंचाई कूप, डोभा, अबुआ आवास योजना का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पंचायत भवन पहुंचकर मनरेगा योजनाओं का रिकॉर्ड पंजी तथा मापी पुस्तिका का निरीक्षण किया। इस दौरान मापी पुस्तिका में त्रुटि पाये जाने पर सुधार करने का आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर बीपीओ आदम अली, शशि भूषण कुमार, नाजीर सुनील कुमार, जेई फिरोज अंसारी, धर्मेंद्र मिश्रा, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, रोजगार सेवक मंदिर सिंह आदि थे।

## एसी के नेतृत्व में जेल अधिकारियों ने उपकारा का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# श्री बंशीधर नगर : महदेईया उपकारा को चालू करने की कवायद तेज

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर के महदेईया में बने उपकारा को चालू करने की कवायद तेज कर दी गई है। शनिवार को जिले के एसी राज महेश्वरम, गढ़वा कारा के जेल सुप्रिटेंडेंट सहित अन्य अधिकारियों ने उप कारा का निरीक्षण वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उप कारा को चालू करने में क्या क्या कमी रह गई है इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों से ली तथा शीघ्र ही कमी को दुर करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसी ने बताया कि बने उपकारा में ड्रेनेज की समस्या को परमानेंट सोल्यूशन करने के लिये भूमि चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द इस समस्या को दूर कर झारखंड की आई टीम को सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि आई टीम के द्वारा जैसे ही प्लांट का एप्रूभल मिलता है कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इससे एक दिन पूर्व एसडीओ प्रभाकर मिर्धा एवं सीओ विकास कुमार ने उपकारा का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया था। मौके पर सहायक कारा निरीक्षक, आपदा प्रबंधन विभाग के चीफ इंजीनियर, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, सीओ विकास कुमार, सीआई राजकुमार साहू सहित कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## मेराल गांव का वर्षों तक पुरोहित रहे शंभूनाथ पाठक का निधन, शोक



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय के पूर्वारी टोला निवासी प्रसिद्ध विद्वान पंडित व हाईस्कूल धुरकी के संस्कृत शिक्षक दिनेश पाठक के पिता और दो पंचायत का बड़ा गांव मेराल में वर्षों तक अकेले पुरोहित पंडित रहे 94 वर्षीय शंभूनाथ पाठक नहीं रहे। शनिवार की प्रातः 4:00 बजे रांची के सेवा सदन में उन्होंने अंतिम सांस ली। बता दें कि शंभूनाथ पाठक एक विद्वान पंडित थे। उन्होंने बाल्य काल से ही मेराल जैसा बड़ा गांव का वर्षों तक अकेले पुरोहित पंडित रहे। दो दशक पूर्व तक वे मेराल के जिस भी टोला मुहल्ला से गुजरते उन्हें लोगों को आशीर्वाद देने में ही ज्यादा समय बीत जाता था। वे एक ऐसे विद्वान पंडित थे जिनके ऊपर मेराल गांव के सभी घरों तथा सार्वजनिक देवस्थानों और मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन करने की जिम्मेवारी होती थी। 1990 के दशक में उन्हीं की प्रेरणा से थाना परिसर में तत्कालीन बीडीओ राजदेव सिंह के द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था। तब से लेकर दो महीना पूर्व तक उनकी आस्था शिव मंदिर से जुड़ी रही, वे यहां प्रत्येक पूर्णिमा के अवसर पर हवन पूजन तथा सत्यनारायण भगवान की कथा किया करते थे। उनके निधन पर मेराल सहित आसपास के गांव के लोगों ने भी दुख जताते हुये संवेदना व्यक्त की है।

## किसानों की समस्या के निष्पादन के लिये डीसी को दिया गया आवेदन



**कांडी :** भाजपा किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य राम लाला दुबे ने डीसी को आवेदन देकर जिला के किसानों की समस्या के निष्पादन की मांग की है। डीसी को आवेदन देकर उन्होंने कहा है कि जिला के कुल जनसंख्या के 35 प्रतिशत मजदूर किसान निवास करते हैं। जिनका मुख्य जीवकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि आधारित है। यहां के किसान कड़ी मेहनत करके फसल पैदा करते हैं जिसको नीलगाय, जंगली सुअर व हाथी बर्बाद कर देते हैं। किसानों के लगातार गुहार करने के बावजूद सरकार द्वारा इसका समाधान नहीं किया जा रहा है। उक्त समस्या पर पहल कर इसका सामाधान करने की मांग की है। किसान बहुल जिला होने के बावजूद सरकार द्वारा जिला को मात्र दो लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य दिया गया है जो कि आवश्यकता से कम है। जबकि जिला के कई केन्द्रों पर खुले आसमान के नीचे धान रखा हुआ है। धान खरीद पोर्टल बन्द होने से उस पर टप्पा नहीं लगाया गया है। उन्होंने सरकार से एक लाख क्विंटल और लक्ष्य को बढाने की मांग की है जिससे किसानों के धान की खरीद हो सके और जो धान खरीद किया गया है उसका भुगतान किया जाय। किसानों के कृषि कार्य को मनरेगा योजना से जोड़ने की भी मांग की है।

## कांग्रेस प्रभारी छह को आएंगे पलामू

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू झारखंड दौरे के दूसरे चरण में छह मार्च को पांच दिवसीय प्रवास पर सुबह नौ बजे रांची पहुंचेंगे। इस संबंध में कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि रांची पहुंचने के बाद प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां एक बजे से वे पलामू, लातेहार, गढ़वा जिला के अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद प्रभारी शाम पांच बजे लातेहार के लिए रवाना होंगे। वहीं सात मार्च को वे लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे सुबह 11 बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के जिला, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद के राजू रांची के लिए रवाना होंगे। राकेश सिन्हा ने बताया कि आठ मार्च को प्रभारी रांची में मोरहाबादी मैदान में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम के बाद बोकारो के लिए रवाना होंगे। वहीं वे नौ मार्च को गोड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे देवघर के लिए रवाना होंगे तथा 10 मार्च को देवघर जिला कांग्रेस मुख्यालयों में देवघर, जामताड़ा और दुमका के जिला प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।



## मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल का एक्स का अकाउंट हैक

लोकप्रिय बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल अपने गानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। उन्होंने अपनी मधुर आवाज से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। श्रेया ने अब तक कई हिंदी और मराठी गाने गाए हैं। उनके गाए कई गाने सुपरहिट हो चुके हैं। इसी बीच खबर है कि श्रेया घोषाल सोशल मीडिया पर एक्स अकाउंट हैक हो गया था। इसकी जानकारी श्रेया घोषाल ने अपने प्रशंसकों को जानकारी देते हुए बताया कि वह कुछ समय से एक्स पर सक्रिय नहीं हैं। हाल ही में श्रेया घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में सिंगर ने लिखा, सभी को हेलो..., मेरा एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स टीम से संपर्क करने के कई प्रयास किए हैं, लेकिन मुझे ऑटो-जेनरेटेड रिस्पॉन्स के अलावा किसी भी तरह का रिस्पॉन्स नहीं मिला है। इसलिए मैं अपना एक्स अकाउंट डिलीट भी नहीं कर पा रही हूं क्योंकि मैं लॉगइन नहीं कर पा रही हूं। श्रेया घोषाल ने अपने प्रशंसकों से कहा, ₹कृपया ऐसे किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और इनसे संबंधित किसी भी संदेश पर भरोसा न करें। ये सभी स्पैम और फि शिंग लिंक हैं। मेरा अकाउंट रिकवर होने के बाद मैं आपको अपडेट करूंगी।₹ इस बीच उन्हें अपना पहला गायन अवसर प्रसिद्ध निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में मिला। अब तक श्रेया ने एक हजार से अधिक बॉलीवुड गाने गाए हैं। इसमें 'डोला रे डोला', 'सिलसिला ये चाहत का', 'चिकनी चमेली', 'तेरी मेरी', 'तेरे लिए' जैसे कई गाने शामिल हैं।

## फिल्म 'छावा' चार सौ करोड़ के क्लब में हुई शामिल




फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा कायम रखा है। फिल्म का सफल प्रदर्शन इसकी रिलीज की तारीख से ही जारी है। लक्ष्मण उतेकर की निर्देशित इस फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल को छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में दर्शकों ने खूब सराहा है। 14 फरवरी को दुनियाभर में रिलीज हुई 'छावा' लगभग दो हफ्ते से बाक्स आफिस पर जलवा दिखा रही है। इस फिल्म ने 15वें दिन भी भारी कमाई की है। फिल्म अब तक 412 करोड़ से अधिक कमाई कर चुकी है। फिल्म 'छावा' को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में लग रही हैं। सैकनीलक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'छावा' ने रिलीज के 14वें दिन 12 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसे मिलाकर कुल 14 दिन की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 398.25 करोड़ रुपये हो गया है। अब 15वें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है। फिल्म ने 15वें दिन 13.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस तरह भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 412.15 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का बजट 130 करोड़ रुपये है। 'छावा' वर्ष 2025 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है, यह फिल्म विक्की कौशल की करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल के साथ रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका फिल्म में रानी येसुबाई भोसले की भूमिका निभा रही हैं।

**झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार दिवेदी ने अपनी धर्म पत्नी के साथ शुक्रवार को बाबा आम्रेश्वर में पूजा-अर्चना की**



# 2.87 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन



**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ की अवधि के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के काशी पलट प्रवाह में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन का सभी पिछला रिकॉर्ड टूट गया। इन 45 दिनों में श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन का एक नया कीर्तिमान बना। महाकुंभ के तीन अमृत स्नान सहित सभी छह प्रमुख स्नान पर्वों पर दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार महाकुंभ के दो दिन पहले यानी 11 जनवरी से 28 फरवरी तक दरबार में 2 करोड़ 67 लाख, 13 हजार चार श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। वहीं, 01 जनवरी से लेकर 28 फरवरी तक धाम में कुल 2 करोड़, 87 लाख, 11 हजार 233 श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। मंदिर न्यास के अनुसार वर्ष 2025 में सनातन धर्म का यह ऐतिहासिक और अनूठा महापर्व 13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा) से आरंभ हुआ और इसका समापन 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के दिन हुआ। इस अवधि के दौरान, पूरे भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों से करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज संगम तीर्थ पर अमृत स्नान के लिए पहुंचे। इसके बाद महाकुम्भ से भारी संख्या में श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के दर्शन के लिए आए।

पौष पूर्णिमा (13 जनवरी, 2025) पर कुल 3,42,646 और तिथि से पूर्व (12 जनवरी, 2025) को 3,19,381 दर्शनार्थियों ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन किए। मकर संक्रांति पर्व (14 जनवरी, 2025) को कुल 3,61,275, तिथि के अगले दिन (15 जनवरी, 2025) को 4,53,161 दर्शनार्थियों ने दर्शन किए। मौनी अमावस्या (29 जनवरी, 2025) पर कुल 4,73,119 तिथि से पूर्व (28 जनवरी, 2025) को 5,83,251, अगले दिन (30 जनवरी, 2025) को 7,29,578 दर्शनार्थियों ने धाम में दर्शन किए। इसी तरह बसंत पंचमी (3 फरवरी, 2025) के दिन धाम स्थित माता सरस्वती के विग्रह पर विशेष पूजा अर्चना की गयी। इस तिथि पर कुल 5,84,224, तिथि से पूर्व (02 फरवरी, 2025) को 4,61,759, अगले दिन (04 फरवरी, 2025) को 5,09,133 दर्शनार्थियों ने धाम में दर्शन किए। इसी क्रम में माघ पूर्णिमा (12 फरवरी, 2025) : पर कुल 7,78,697, तिथि से पूर्व (11 फरवरी, 2025) को 7,19,225 अगले दिन (13 फरवरी, 2025) को 8,26,194 दर्शनार्थियों ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन किए। अन्तिम दिन महाशिवरात्रि (26 फरवरी, 2025) पर्व पर प्रातः कालीन मंगला आरती से चार प्रहर की चौथी आरती समाप्त होने तक कुल 11,69,553 श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। तिथि से पूर्व (25 फरवरी, 2025) को 6,77,297 ,अगले दिन (27 फरवरी, 2025) को 7,16,309 दर्शनार्थियों ने दर्शन किए। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा विश्वनाथ के कपाट लगातार 46 घंटे के लिए श्रद्धालुओं के लिए खुले रहे। इस दौरान बाबा विश्वनाथ की विशेष पूजा-अर्चना और 04 प्रहर की आरती भी हुई। भक्तों के दर्शन के लिए लगातार कपाट खुले रहे। इस महापर्व पर विभिन्न अखाड़ों के नागा सन्यासियों ने भी शोभायात्रा निकाल कर दर्शन किया । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महापर्व पर धाम में हेलीकाप्टर द्वारा श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा भी की गई। महाशिवरात्रि (26 फरवरी, 2025)पर्व की मंगला आरती से 27 फरवरी, 2025 की मध्यान्ह भोग आरती(प्रातः 11:40) तक कुल 14,58,227 और महाशिवरात्रि (26 फरवरी, 2025) की मंगला आरती से 27 फरवरी की रात्रि शयन आरती तक कुल 18,85,862 दर्शनार्थियों ने दर्शन किए।

## जीएसटी राजस्व संग्रह फरवरी में 9.1 फीसदी बढ़कर 1.84 लाख करोड़

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह से सरकार का



खजाना फिर भर गया है। फरवरी महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 9.1 फीसदी बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा। हालांकि, जनवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने शनिवार को जारी आंकड़ों में बताया कि फरवरी माह में जीएसटी राजस्व संग्रह के जरिए 1.84 लाख करोड़ रुपये आए हैं। इस दौरान घरेल स्तर पर वस्तु एवं सेवाओं से प्राप्त राजस्व 10.2 फीसदी बढ़कर 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा है। आयात राजस्व 5.4 फीसदी बढ़कर 41,702 करोड़ रुपये हो गया। जीएसटी संग्रह बढ़ने की वजह घरेलू लेन-देन के कारण मिला अधिक राजस्व है। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी महीने के दौरान केंद्रीय जीएसटी से 35,204 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 43,704 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 90,870 करोड़ रुपये और क्षतिपूर्ति उपकर से 13,868 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। फरवरी के दौरान जारी किए गए कुल रिफंड 20,889 करोड़ रुपये था, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 17.3 फीसदी अधिक है।

**Hit लिस्ट**

## हिमस्खलन में चार श्रमिक लापता, एक श्रमिक सकुशल पहुंचा घर

**देहरादून।** चमोली जिले के बदरीनाथ धाम से 06 किमी. दूर माणा के पास हिमस्खलन की चपेट में आए 55 श्रमिकों में से 50



श्रमिकों का रेस्क्यू कर लिया गया है। चार श्रमिकों की मृत्यु हुई है। अब तक लापता पांच श्रमिकों में से कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश निवासी एक श्रमिक सकुशल अपने घर पहुंच गया है। चार अन्य श्रमिकों की खोजबीन के लिए राहत और बचाव दलों की ओर से युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। रविवार को जीपीआर की मदद से भी सर्च ऑपरेशन संचालित किया जाएगा। सेना के स्निफर डाग्स की मदद ली जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार देर शाम सचिव आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन और जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से राहत और बचाव कार्यों का अपडेट लिया।

## डॉ. मयंक शर्मा ने रक्षा लेखा महानियंत्रक का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** डॉ. मयंक शर्मा ने शनिवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) का पदभार संभाला। वे भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के




1989 बैच के अधिकारी हैं और सरकार में उनका तीन दशकों से अधिक का विशिष्ट करियर रहा है। डॉ. शर्मा ने रक्षा लेखा विभाग सहित भारत सरकार के भीतर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने कैबिनेट सचिवालय में भी प्रमुख पदों पर कार्य किया है और संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ड्रग्स एंड क्राइम, संयुक्त राष्ट्र आयोग अपराध रोकथाम और आपराधिक न्याय और संयुक्त राष्ट्र आयोग अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून में वैकल्पिक स्थायी प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसके अतिरिक्त डॉ. शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक अकादमी और वियना की राजनयिक अकादमी में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

**कोयला मंत्रालय ने अप्रैल से फरवरी की अवधि की जारी की रिपोर्ट**

# कोयला उत्पादन 5.73 फीसदी बढ़कर 928.95 मीट्रिक टन

**नई दिल्ली।** भारत के कोयला क्षेत्र ने लगातार वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक संचयी कोयला उत्पादन 928.95 मीट्रिक टन (एमटी) तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 878.55 एमटी की तुलना में 5.73 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह कोयला प्रेषण में 5.50 फीसदी की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 880.92 एमटी से बढ़कर 929.41 एमटी तक पहुंच गया। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के कोयला क्षेत्र ने उत्पादन और प्रेषण दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अपने मजबूत प्रदर्शन को जारी रखा है। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी 2025 तक कैप्टिव




और अन्य संस्थाओं से कोयला का उत्पादन 173.58 मीट्रिक टन रहा है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 133.36 मीट्रिक टन से 30.16 फीसदी अधिक है। इसी प्रकार कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से कोयला प्रेषण फरवरी 2025 तक 178.02 मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 134.96 मीट्रिक टन से 31.90 फीसदी वृद्धि को दशार्ता है। मंत्रालय ने कहा कि कोयला क्षेत्र का यह मजबूत प्रदर्शन ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश बढ़ती मांग को कुशलतापूर्वक पूरा कर सके। सरकार आने वाले महीनों में इस सकारात्मक गति को बनाए रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास और परिचालन दक्षता को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

## सुकमा में मुठभेड़, अब तक दो नक्सलियों की मौत

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। अभी दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इस मुठभेड़ में अब तक दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, जिसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी और कोबरा बटालियन की एक संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। हमला होते देख जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। बताया जा रहा है कि जवानों और नक्सलियों के बीच अभी भी मुठभेड़ जारी है। दोनों ओर से रुक रुककर फायरिंग हो रही है। इसके साथ ही जवान आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चला रहे हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)